हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)

(वसंत)(पाठ 2)(कामतानाथ – लाख की चूड़ियाँ)

(कक्षा 8)

प्रश्न अभ्यास

कहानी से

प्रश्न 1:

बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था?

उत्तर 1:

लेखक अनपे मामा के गॉव में लाख की चूड़ियों के कारीगर बदलू से मिलता था और उससे ढेर लाख की रंग–बिरंगी गोलियॉ लेता था । गॉव के सभी लोग उसे काका कहकर बुलाते थे इसलिए वह भी उसे बदलू मामा न कहकर बदलू काका ही कहा करता था।

प्रश्न 2:

वस्तु–विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

उत्तर 2:

किसी वस्तु के बदले में दूसरी वस्तु का लेना वस्तु विनिमय कहलाता है आज से लगभग 15–20 साल पहले तक गॉवों में यह प्रथा प्रचलित थी। उनके घर में जो कुछ अनाज अन्य वस्तु होती थी उसे दुकानदार को देकर उससे दूसरी वस्तु ले आया करते थे ।वर्तमान में विनिमय की प्रचलित पद्धति पैसा है । जिसके बदले में कोई भी वस्तु ली जा सकती है।

प्रश्न 3:

'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं।' इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?

उत्तर 3:

जिन्होने अपने हाथ के हुनर से अपनी कला से एक परंपरा को बनाए रखा है । उसी से वे जीवनयापन करते चले आए हैं और उन्होंने अपनी इस कला को पीढ़ी दर पीढ़ी बढ़ाया है । उसके अलावा उन्होंने जीवन यापन का कोई और साधन नहीं अपनाया है । आज म ीनों के आ जाने से उनकी यह कला और हमारे दे ा की सांस्कृतिक विरासत लुप्त हो चली है । इन म ीनों ने उनके हाथ काट दिए हैं। कारीगरो की रोजी–रोटी का साधन छिन गया है । वे अपना जीवनयापन कैसे करें लेखक ने इसी व्यथा की ओर संकेत किया है।

प्रश्न 4:

बदलू के मन में ऐसी कौन–सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी।

उत्तर 4:

बदलू लाख की चूड़ियॉ बनाकर बेचा करता था। उसके हाथ का यह हुनर अब कॉच की चूड़ियों के आ जाने से धीरे–धीरे खत्म होने लगा। उसकी यही व्यथा लेखक को परेशान कर रही थी।

प्रश्न 5:
मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?
उत्तर 5:
मशीनी युग के आ जाने से उसके हाथ का काम बंद हो गया काम न करने से वह बीमार रहने लगा । अब उसके अन्दर हीन भावना भी आने लगी जो उसे दिन ब दिन कमजोर करने लगी।

कहानी से आगे

प्रश्न 1:
आपने मेले–बाजार आदि में हाथ से बनी चीजों को बिकते देखा होगा। आपके मन में किसी चीज को बनाने की कला सीखने की इच्छा हुई हो और आपने कोई कारीगरी सीखने का प्रयास किया हो तो उसके विषय में लिखिए।
उत्तर 1:
मैंने बाजार में मिट्टी के खिलौनों बिकते और उन्हें बनते देखा है उनकी सुंदरता को देखते हुए मुझे भी खिलौने बनाने की कला सीखने की इच्छा हुई।

प्रश्न 2:
लाख की वस्तुओं का निर्माण भारत के किन–किन राज्यों में होता है? लाख से चूड़ियों के अतिरिक्त क्या–क्या चीजें बनती हैं? ज्ञात कीजिए।
उत्तर 2:
लाख की वस्तुओं का काम मुख्य रूप से राजस्थान में में होता है । वहॉं का लाख का काम पूरी दुनिया में मशहूर है। लाख से चूड़ियों के अतिरिक्त गोलियॉं, मूर्तियॉं तथा अन्य सजावटी सामान बनता है।

अनुमान और कल्पना

प्रश्न 1:
घर में मेहमान के आने पर आप उसका अतिथि–सत्कार कैसे करेंगे?
उत्तर 1:
घर में मेहमान के आने पर हम सबसे पहले उसका अभिवादन करेंगे । उसके बाद उसे अपने घर में उचित स्थान पर बैठाकर उसके लिए ना ते–पानी का प्रबंध करेंगे । उसको हर प्रकार का अतिथि सत्कार प्रदान करेंगे।

प्रश्न 2:
आपको छुट्टियों में किसके घर जाना सबसे अच्छा लगता है? वहाँ की दिनचर्या अलग कैसे होती है? लिखिए।
उत्तर 2:
इस प्रश्न का उत्तर बच्चे अपनी अभिरुचि के अनुसार देंगे।

प्रश्न 3:

मशीनी युग में अनेक परिवर्तन आए दिन होते रहते हैं। आप अपने आस–पास से इस प्रकार के किसी परिवर्तन का उदाहरण चुनिए और उसके बारे में लिखिए।

उत्तर 3:

बच्चे अपने घर आसपास के वातावरण और वहाँ की प्रचलित कला और उस पर मशीनी प्रभाव का विश्लेषण अपनी योग्यता के अनुसार करेंगे।

प्रश्न 4:

बाजार में बिकने वाले सामानों की डिजाइनों में हमेशा परिवर्तन होता रहता है। आप इन परिवर्तनों को किस प्रकार देखते हैं? आपस में चर्चा कीजिए।

उत्तर 4:

हम इन परिवर्तनों को समाज की सोच के अनुरूप देखते हैं, क्योंकि समाज में वहीं चीज चलती है जिसे उस समय का समाज पसंद करता है।

प्रश्न 5:

हमारे खान–पान, रहन–सहन और कपड़ों में भी बदलाव आ रहा है। इस बदलाव केपक्ष–विपक्ष में बातचीत कीजिए और बातचीत के आधार पर लेख तैयार कीजिए।

उत्तर 5:

बच्चे कक्षा में शिक्षक की उपस्थिति में उपरोक्त विषय पर वाद–विवाद करेंगे।

TIWARI ACADEMY